**Nai Dunia (Indore), 15th January 2020, Nai Dunia Live, Page-17**

# आईआईटी में आज से साइंटिफिक कंप्यूटिंग कोर्स की शुरुआत

इंदौर। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) इंदौर में बुधवार से साइंटिफिक कंप्यूटिंग इन इंजीनियरिंग कोर्स की शुरुआत होने जा रही है। तीन दिनी कोर्स में वर्कशॉप के माध्यम से प्रोग्रामिंग लैंग्वेज सीखाई जाएगी। इसमें मेटलेब और अन्य सॉफ्टवेयर सीखाया जाएगा। साइंटिफिक कंप्यूटिंग के क्षेत्र में दुनियाभर में आ रही परेशानियों के सॉल्युएशन भी इसमें बताए जाएंगे। कोर्स में सी डाटा टाइप्स, सी कंट्रोल स्ट्रक्चर, फंक्शन, प्वाइंटर, मेटलेब डाटा टाइप्स एंड स्ट्रक्चर, डाटा साइंस जैसे टॉपिक पढ़ाए जाएंगे। कोर्स में विद्यार्थी, फैकंटी, वैज्ञानिक और रिसर्च स्कॉलर्स शामिल होंगे।